
इंदौर | बुधवार | 27 मई, 2026 | वर्ष 66 | अंक 123 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 300 पर्यटकों का सुरक्षित रेस्क्यू: राजनाथ


6 कुश्ती महासंघ को अदालत की फटकार


7 मई में चार बार महंगी हुई सीएनजी


8 इंग्लैंड ने जीती टी 20 सीरीज

# कुआं धंसने से पांच की मौत

## पन्ना में हादसा : मिट्टी में समा गए एक ही परिवार के सदस्य

**घटना के प्रमुख तथ्य**

1. पंचायत द्वारा ठेके पर कराया जा रहा था निर्मल नीर का निर्माण.
2. बिना सुरक्षा इंतजाम मजदूरों को उतारा गया था गहरे गड्ढे में.
3. कलेक्टर ने फोन नहीं उठाया, सीईओ जिला पंचायत ने कुछ भी कहने से किया इंकार.




सुरेश पाण्डेय

**पन्ना, 26 मई. पन्ना जिले के अजयगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत बीहरपुरवा के मजरा नयापुरवा में दर्दनाक हादसा सामनें आया है जिसमें पंचायत एवं जनपद पंचायत की लापरवाही के चलते मनरेगा के निर्मल नीर योजनान्तर्गत शिव प्रसाद अहिरवार के खेत में कुआं खुदाई का काम चल रहा था जिसमे कुंए के अंदर कार्य कर रहे एक ही परिवार के पांच मजदूरों की कुंआ धंसने से दर्दनाक मौत हो गई. हादसे से कुछ मिनट पहले एक मजदूर पानी पीने के लिए कुएं से बाहर निकला था. उसी दौरान अचानक कुएं की दीवार और मिट्टी धंस गई. भीतर काम कर रहे पांच मजदूर मिट्टी में समा गए.**

सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी जिसमें कलेक्टर पन्ना एवं सीईओ जिला पंचायत पन्ना सहित अजयगढ़ का प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा. इतने बड़े हादसे की जानकारी लेने के लिये प्रशासनिक मुखिया कलेक्टर पन्ना से यह जानने का प्रयास किया गया कि प्रथम दृष्टया मामलें के लिये कौन जिम्मेदार है.

( शेष पेज 12 पर )

> इस दर्दनाक हादसे में चून्नू पिता सिद्दू यादव, आशीष पिता मुन्नी यादव, रामपाल पिता गोरा यादव, राजकुमार पिता छोटू यादव और उन्वदी पिता दाऊआ पाल की मौके पर ही मौत हो गई .प्रशासन ने सभी शवों को पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शाम 5:30 बजे शव परिजनों को सौंप दिया लेकिन परिजनों ने कहा कि जब तक निमार्ण एजेंसी पर कार्यवाही नहीं हो जाती तब तक हम शव स्वीकार नहीं करेंगे.




फ्रेंच ओपन में भारतीय मूल के खिलाड़ी ने सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को चौंकाया!

## एआई मानवता के लिए खतरा : पोप लियो



**वेटिकन सिटी, 26 मई.** ईसाई धर्मगुरु पोप लियो चौदहवें ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अपना पहला बड़ा नीतिगत दस्तावेज जारी करते हुए विशेषज्ञों और दुनिया भर की सरकारों को इसके खतरों के प्रति गंभीर चेतावनी दी है. मैग्निफिका ह्यूमैनिटास: ऑन सेफ़गार्डिंग द ह्यूमन पर्सन इन द टाइम ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (भव्य मानवता: एआई के दौर में मानव की सुरक्षा) शीर्षक वाले इस दस्तावेज में पोप ने सरकारों से एआई तकनीक के विकास की रफ्तार को धीमा करने का आग्रह किया है. उन्होंने सचेत किया कि एआई प्रणालियाँ गलत जानकारी फैला रही हैं.

## एक नजर में



### छात्रों को नहीं होगी पेमेंट में तकनीकी परेशानी

**नई दिल्ली.** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को चार प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की पेमेंट गेटवे प्रणाली को मजबूत और छात्र हितैषी बनाने पर चर्चा की. श्री प्रधान ने कहा कि पुनर्मूल्यांकन, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने और अन्य शुल्क आधारित सेवाओं के लिए छात्रों को किसी भी प्रकार की तकनीकी परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए. उन्होंने बैंकों को निर्देश दिया कि सीबीएसई के साथ मिलकर ऐसी मजबूत भुगतान प्रणाली तैयार की जाए, जिससे भुगतान प्रक्रिया सुचारु, सुरक्षित और तेज हो सके .उन्होंने कहा कि भुगतान संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान, असफल या अतिरिक्त भुगतान की स्वत-वापसी तथा रियल टाइम मॉनिटरिंग जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए.

### बनारस दो माह में बनेगा देश का कचरा मुक्त शहर

**वाराणसी.** बनारस दो माह में देश का पहला कचरा मुक्त शहर बनने का गौरव हासिल करेगा. नगर निगम इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है. इस क्रम में 27 में से 23 कूड़ाघरों को बंद किया जा चुका है. शेष चार कूड़ाघरों को भी समाप्त करने की प्रक्रिया चल रही है. मंगलवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर अपना और निगम का रिपोर्ट कार्ड बताया. महापौर अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में 41वें स्थान पर रहे वाराणसी ने अब 2025 में 17वें स्थान हासिल कर लिया है.सफाई कर्मियों की संख्या 4075 से बढ़ाकर 7428 कर दी गई है.

### भारत-अमेरिका के बीच खनिज समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली.** भारत और अमेरिका ने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदा तत्वों के खनन तथा प्रसंस्करण की आपूर्ति को सुरक्षित करने संबंधी भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रूपरेखा पर मंगलवार को यहां हस्ताक्षर किये.क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने यहां आये अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने क्वाड बैठक से इतर इस समझौते पर हस्ताक्षर किये हैश्री जयशंकर ने बाद में कहा कि दोनों देशों ने इस महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं और इस विषय पर क्वाड सदस्य देशों के साथ भी बैठक में चर्चा हुई थी. उन्होंने इसे बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह समझौता सही समय पर किया गया है और बेहद प्रासंगिक है.

## गुस्ताखी माफ






**सौजन्य भेंट**

**नई दिल्ली, 26 मई.** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की.

## कम हाजिरी वाले कानून के छात्र अब नहीं दे सकेंगे परीक्षा : सुको

**नई दिल्ली, 26 मई.** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) की उस याचिका पर नोटिस जारी करते हुए दिया, जिसमें कानून के छात्रों के लिए जरुरी हाजिरी के दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों को चुनौती दी गई थी. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि नोटिस जारी करके 21 जुलाई तक जवाब दें. इस बीच विवादित फैसले के पैराग्राफ 249 का असर और ऑपरेशन रुका रहेगा.

## पूर्व जज गिरिबाला से सीबीआई ने की पूछताछ

### एसआईटी की कार्य प्रणाली पर भी सवाल



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 26 मई. सीबीआई ने चर्चित ट्विशा शर्मा के मौत मामले में की जांच अपने पास लेते हुए पूर्व जज गिरिबाला सिंह और समर्थ के खिलाफ मामला दर्ज किया है. कटारा हिल्स इलाके में स्थित पूर्व जज गिरिबाला सिंह के घर भी सीबीआई की टीम पहुंची और उनसे पूछताछ भी की.**

सीबीआई ने जिस स्थान पर ट्विशा के शव को देखा गया. वहां के घटना स्थल का मुआयना किया. इस दौरान जांचकर्ताओं ने कटारा हिल्स स्थित घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज सहित महत्वपूर्ण सबूत और डिजिटल फोरेंसिक सामग्री जब्त की. सीबीआई ने भोपाल पुलिस द्वारा कटारा हिल्स पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई एफआईआर को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत पुन: दर्ज कराया है. यह कार्रवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जॉयमाल्य बागची की सर्वोच्च न्यायालय की पीठ के स्पष्ट निर्देशों के बाद की गई है, जिसमें आरोपी पक्ष की न्यायिक पृष्ठभूमि को देखते हुए निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है.

इसके साथ ही दर्ज की गई एफआईआर में ट्विशा की शादी के दिन ससुराल पक्ष की तरफ से दहेज के लिए मांगे गए एक्स्ट्रा लाखों रुपये का हवाला दिया गया है, जिसे गंभीरता से लिया जा रहा है.

( शेष पेज 12 पर )

## राज्यसभा चुनाव में स्थानीय नेताओं को मौका

प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली,26 मई.मध्यप्रदेश समेत देश के दस राज्यों में होने वाले राज्यसभा चुनाव में अंकगणितिय राजनीति के कारण सबकी निगाहें मध्यप्रदेश की राजनीति पर टिकी हुई है. चर्चा है कि क्या भाजपा तीसरी सीट के लिए भी उम्मीदवार खड़ी करेगी? क्या भाजपा स्थानीय बनाम बाहरी की राजनीतिक बहस पर पर्दा डालने के साथ सामाजिक व क्षेत्रीय समीकरण को साधते हुए आने वाले समय के लिए सूबे की राजनीति की दिशा तय करना चाहेगी?**

राजनीतिक जानकार बता रहे हैं कि संख्या बल के गणित के हिसाब से यह चुनाव साधारण नजर आ सकता है, जहां भाजपा दो सीटों पर और कांग्रेस एक सीट पर स्वाभाविक दावेदार हैं. लेकिन परदे के पीछे चल रही गुणा-भाग की राजनीतिक गोटियां और संभावित उम्मीदवारों के नाम यह साफ कर रहे हैं कि भाजपा इस बार न सिर्फ सामाजिक संतुलन साधने जा रही है, बल्कि विपक्ष के पाले में भी सेंध लगाने की फिराक में है.


( शेष पेज 12 पर )

**क्रॉस वोटिंग की रणनीति ...**

दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है कि भाजपा कांग्रेस के विधायकों में सेंधमारी यानी क्रॉस वोटिंग कराने की रणनीति पर काम कर रही है. कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि भाजपा किसी ऐसे कद्दावर नेता को इस तीसरी सीट पर उतार सकती है जो हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुआ हो, ताकि कांग्रेस खेमे में मनोवैज्ञानिक दबाव बनाया जा सके. इसी वजह से कहा जा रहा है कि भाजपा के लिए यह चुनाव केवल राज्यसभा में अपनी संख्या बढ़ाने का जरिया नहीं है, बल्कि इसके जरिए वह आने वाले समय के लिए सूबे की राजनीति की दिशा तय करना चाहती है. यदि वह जोड़ तोड़ के सहारे भी तीसरी सीट हासिल करने में कामयाब रहती है, तो यह विपक्षी खेमे के मनोबल को पूरी तरह तोड़ देने वाला मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकता है.

## जनजातीय कला भारत की जीवंत विरासत

### मोदी ने मध्य प्रदेश की परंपरागत गोंड पेंटिंग से क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया को कराया था अवगत



**नई दिल्ली, 26 मई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल की अपनी विदेश यात्राओं के दौरान वहां के नेताओं को जनजातीय कलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाने वाले उपहार भेंट कर देश की समृद्ध विरासत और पारंपरिक शिल्प कौशल से उन्हें अवगत कराया है.**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री मोदी ने स्वीडन की क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया को मध्य प्रदेश की परंपरागत गोंड पेंटिंग भेंट की, जो भारत की जीवंत जनजातीय कला की विरासत का प्रतीक है.गोंड आदिवासी समुदाय की इस कला को अपने जटिल बिंदु-रेखा पैटर्न, चमकदार प्राकृतिक रंगों और प्रकृति से प्रेरित विषयों के चित्रण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है.गोंड कला मध्य भारत के आदिवासी कारीगरों को स्थायी रूप से आजीविका के अवसर प्रदान करती रहती है.श्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को असम के मूगा रेशम की पारंपरिक शॉल और मणिपुर के तंगखुल नागा समुदाय की ओर से निर्मित शिरुई लिली की शॉल उपहार में दी .प्राकृतिक रूप से चमकदार और टिकाऊ होने के कारण प्रसिद्ध मूगा रेशम असम की सदियों पुरानी बुनाई परंपरा का प्रतीक है और इसे भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्रदान किया गया है.

> शिरुई लिली की शॉल तंगखुल नागा जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक पहचान और कलात्मक परंपराओं को दर्शाती है. यह मणिपुर के दुर्लभ राज्य पुष्प शिरुई लिली से प्रेरित है.उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात की महारानी को मणिपुर का काला चावल (चक-हाओ) उपहार में दिया, जो इस क्षेत्र के जनजातीय पहाड़ी समुदायों की ओर से पारंपरिक धरोहर के रूप से उगाया जाने वाला अनाज है.

**घुसपैठिये भारत छोड़ो** | डेमोग्राफिक बदलाव पर बनी हाई-लेवल कमेटी-अमित शाह

# घुसपैठ रोकने सरकार ने बनाई समिति



**नई दिल्ली, 26 मई. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि देश में घुसपैठ और अन्य कारणों से हो रहे असामान्य जनसांख्यिकीय परिवर्तन राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं.**

इसी चुनौती से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने हाई-लेवल समिति ऑन डेमोग्राफिक चेंज का गठन कर दिया है. गृह मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को इस उच्चस्तरीय समिति के गठन की घोषणा की थी. समिति की अध्यक्षता न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) करेंगे. इसके अलावा समिति में जनगणना आयुक्त, दुर्गा शंकर मिश्रा, बालाजी श्रीवास्तव और डॉ. शमिका रवि सदस्य के रूप में शामिल होंगे, जबकि गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव सदस्य सचिव की जिम्मेदारी निभाएंगे. सरकार के अनुसार, यह समिति पूरे देश में अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का व्यापक अध्ययन करेगी. साथ ही विभिन्न धार्मिक और सामाजिक समुदायों में जनसंख्या परिवर्तन के पैटर्न का विश्लेषण कर समयबद्ध समाधान सुझाएगी. गृह मंत्री ने कहा कि यह विषय देश की संप्रभुता, कानून-व्यवस्था, सामाजिक संरचना और जनजातीय समाज के संरक्षण से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा है.

### सीमा पर लगेंगे एंटी ड्रोन सिस्टम : शाह

**बीकानेर, 26 मई.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, ने मंगलवार को राजस्थान के बीकानेर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित बीएसएफ की ऐतिहासिक सांचू पोस्ट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की और सीमा सुरक्षा को लेकर कई अहम बातें कहीं।

## कर्नाटक में सीएम बदलने की चर्चा को कांग्रेस ने किया खारिज



**नई दिल्ली, 26 मई .कांग्रेस ने मंगलवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के साथ यहां हुयी मैराथन बैठकें राज्य में संभावित नेतृत्व परिवर्तन से जुड़ी थीं।**

पार्टी ने स्पष्ट किया कि इन चर्चाओं का एकमात्र ध्यान आगामी राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों पर था।यह स्पष्टीकरण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला के बीच करीब छह घंटे तक चली बंद कमरों की बैठक के बाद आया है। कर्नाटक के नेतृत्व और मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल को लेकर बढ़ती राजनीतिक चर्चाओं के बीच यह बैठक आयोजित की गई थी। बैठकों के बाद पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने अटकलों को कमतर आंकने का प्रयास किया।